स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

STATE LOGO

सघन मिशन इन्द्रधनुष

सघन मिशन इन्द्रधनुष

- 2 वर्ष से छोटे बच्चे जो नियमित टीकाकरण में टीकाकरण से वंचित रह गए है, उनके पूर्ण टीकाकरण के लिए सघन मिशन इन्द्रधनुष एक अतिरिक्त अवसर है
- सघन मिशन इन्द्रधनुष एक विशेष अभियान है जो चुनिन्दा जिलों में जहा़ टीकाकरण कम है, वहा अक्टूबर 2017 से जनवरी 2018 तक चलाया जाएगा
- विशेष टीकाकरण अभियान अक्टूबर 2017 से जनवरी 2018 तक हर महीने की 7 तारीख से शुरू होगा (सरकारी छुट्टियां और नियमित टीकाकरण दिवस छोड़ कर)
- अगर आपका जिला सघन मिशन इन्द्रधनुष में चुना गया है, तो आपको अपने क्षेत्र मे सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण सत्र लगाने का ये उचित मौका है

क्या करें?

- चिन्हित समूह (अभिभावक, परिवार के सदस्य, समुदाय प्रमुख, अन्य गणमान्य व्यक्ति) को विशेष टीकाकरण

अभियान में उपलब्ध वैक्सीन और उनसे बचाव होने वाली बीमारियों के संबंध में जानकारी दें

सघन मिशन इन्द्रधनुष की तैयारी

- IMI चरण के 2-3 पहले, अपने क्षेत्र के हर घर में, आशा और आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की जागरूकता बढ़ाने के लिए भेजने की योजना बना कर उसे लागू करें
- हैड काऊंट सर्वे व ड्यू लिस्ट बनाने में पूर्ण सहयोग करें
- टीकाकरण अवरोध वाले परिवारों में स्वयं जाकर उन्हें अपने बच्चों के टीकाकरण के लिए उचित परामर्श दें
- अभिभावकों/परिवार के सदस्यों को टीकाकरण के स्थान व समय की जानकारी दें
- अभिभावकों की टीकाकरण से सम्बन्धित शक या आंशकाओ का उचित समाधान करें
- अभिभावकों/परिवार के सदस्यों को टीकाकरण स्थान पर MCP card (टीकाकरण कार्ड) अवश्य लाने को कहें
- अपने क्षेत्र के प्रमुख/गणमान्य व्यक्तियों से सघन मिशन इन्द्रधनुष से पहले एक मिटिंग अवश्य करें और उनसे सहयोग का अनुरोध करें
- AEFI किट तैयार रखें तथा AEFI मैनेजमेंट कार्य योजना का पालन करें तथा AEFI मैनेजमेंट की उचित व्यवस्था की कार्य योजना की तैयारी रखें

सघन मिशन इन्द्रधनुष चरण/ टीकाकरण आयोजन के दौरान

- बच्चे के साथ आये अभिभावकों, परिवार के सदस्यों को 4 जरूरी सन्देश अवश्य दें
- वैक्सीनेशन/MCP कार्ड में बच्चे से सम्बन्धित जानकारी अवश्य लिखें
- टीकाकरण के किसी प्रतिकुल प्रभाव की समय पर जानकारी के लिए बच्चे व परिवार के सदस्यों को टीकाकरण स्थान पर 30 मिनट तक रूकने के लिए अवश्य कहे
- किसी प्रतिकुल प्रभाव के दौरान परिवार को उचित परामर्श व सहायता दें। अगर बच्चे को किसी उच्च स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजना हो तो उसके लिए उचित वाहन व अन्य उचित औपचारिकताओं के लिए अभिभावको का पूर्ण सहयोग दें